संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति
।। तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ।।

# संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति
ग्राम - बरौदी, पत्रालय - सनौरा, जिला - दतिया (मध्यप्रदेश), भारत, 475686.
SANSKRITI SANSKRIT SANSKAR SHIKSHA SAMITI
Vill.- Barodi, P.O.-Sanora, Distt.-Datia(Madhya Pradesh) Bharat,475686.
Cont.- 7987559065,7879958816, Email:- sanskritsamiti17@gmail.com, Website:- www.sanskritsamiti.org

बरौदी, गुरुवार, दिनाङ्कः 30/05/2021

## ।। प्रेस नोट ।।

## 21 दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन

संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति, ग्राम बरौदी, जिला दतिया द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू-इन्दौर, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, भोपाल एवं पी. के. यूनिवर्सिटी थनरा, जिला शिवपुरी के संयुक्त तत्वावधान में कोरोना पीड़ित एवं पोस्ट कोरोना पीड़ितों के स्वास्थ्य लाभ के लिए मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार “योग से निरोग अभियान” के अंतर्गत् **21 दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन योग अभ्यास शिविर** का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त आयोजन का ऑनलाइन शुभारम्भ दिनांक 01 जून को प्रातः 06:30 बजे से होगा जिसमें सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू की कुलपति डॉ. आशा शुक्ला अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलपति डॉ. संदीप शास्त्री होंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में पी. के. यूनिवर्सिटी, थनरा के कुलपति डॉ. वाय एम. कूल उपस्थित रहेंगे। संस्कृत भारती मध्यक्षेत्र के संगठन मंत्री श्री प्रमोद पण्डित का बीज वक्तव्य होगा तथा पहले दिन का योगाभ्यास योगाचार्य डॉ. अजय दुबे द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र भार्गव ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः एवं सायं 6:30 से 07:30 बजे तक योगाभ्यास कराया जायेगा तथा इसके साथ ही सामायिक दृष्टि से महामारी से बचावों को ध्यान में रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किया जायेगा। इसके अंतर्गत् योगाभ्यास के साथ-साथ नेचुरोपैथी(प्राकृतिक चिकित्सा), आयुर्वेद, स्पर्श चिकित्सा(रेकी) एलोपैथी तथा न्यूट्रीशन (आहारनविज्ञान) विषय के विशेषज्ञों द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के उपाय तथा स्वास्थ्यवृत्त सम्बन्धी चर्चा की जाएगी एवं उचित परामर्श भी प्रदान किये जायेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन के साथ ही शिविर का समापन किया जायेगा। योग शिविर में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था है तथा प्रतिभागियों को कार्यक्रम समापन के उपरान्त ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

धन्यवाद !

**विवेक कुमार शर्मा**
(सचिव)

Registration Number - Gwa./no.-7989, Date 31/03/2003
(Registered Under Madhya Pradesh Society Registrikaran Adhiniyam 1973 No. 44 of 1973)